MA ऊर्जा सहायता कार्यक्रम

आय सुपात्र निवासियों के लिए

यदि आप मैसाचुएट्स के योग्य आय (इनकम एलिजिबल) निवासी हैं तो ऐसे कई कार्यक्रम हैं जो आपको आपके ऊर्जा बिलों को मैनेज करने में सहायता कर सकते हैं।

योग्य कैसे बनें

इसके योग्य (एलिजिबल) बनने के लिए आपकी घरेलू सालाना इनकम, नीचे दिए गए चार्ट में शामिल राशियों में या इससे कम होनी चाहिए। ऊर्जा सहायता कार्यक्रम के आवेदकों को उनकी लोकल समुदाय एजेंसी से संपर्क करना चाहिए। आपकी आय योग्यता (इनकम एलिजिबिलिटी) की पुष्टि के लिए जरूरी दस्तावेजों के बारे में वे आपको सलाह देंगी।

2017 आय योग्यता राशियां

परिवार में सदस्यों की संख्या	वार्षिक आय
1	$34,001
2	$ 44,463
3	$ 54,925
4	$ 65,387
5	$ 75,849
6	$ 86,311
7	$ 88,272
8	$ 90,234

*सबसे नई आय योग्य राशियां जानने के लिए **https://hedfuel.azurewebsites.net** पर जाएं या **866-537-7267** पर कॉल करें।

उपलब्ध कार्यक्रम

ईंधन सहायता
ईंधन सहायता (LIHEAP—निम्न आय घरेलू ऊर्जा सहायता कार्यक्रम के नाम वाली) आपको (चाहे आप घर के मालिक हों या किराएदार) अपने प्राइमरी हीटिंग बिल के भुगतान में सहायता करती है। यह कार्यक्रम तेल, प्रोपेन, प्राकृतिक गैस, बिजली, लकड़ी या कोयले के यूटिलिटी या ईंधन डीलर को सीधे भुगतान करता है। यदि आप एक किराएदार हैं जिसके मालिक हीट के लिए भुगतान करते हैं तो भी आप अपने किराए के हिस्से को गर्म रखने में सहायता के लिए LIHEAP से भुगतान हासिल करने के योग्य हो सकते हैं।

प्राकृतिक गैस या बिजली दरों में छूट
राज्य द्वारा रेगुलेट की गयी सभी मेसाचुएट्स प्राकृतिक गैस तथा बिजली यूटीलिटीज घरेलू छूट दरों का प्रस्ताव करती हैं। ईंधन सहायता हासिल करने वाले परिवार अपने आप इनरोल किए जाते हैं। यदि आप TANF, EAEDC, SNAP, MassHealth, WIC, या दूसरे आय संबंधित कार्यक्रम के योग्य हैं तो आप भी योग्य हैं, लेकिन आपको अपनी यूटीलिटी को सीधे आवेदन करना होगा।

भुगतान योजनाएं और/या बकाया (Arrearage) प्रबंधन कार्यक्रम
आपके बिल के ओवरड्यू हिस्से के भुगतानों को फैलाने (स्प्रेड करने) के लिए मेसाचुएट्स प्राकृतिक गैस और विद्त यूटीलिटीज आपके साथ काम करेगी। यूटीलिटीज आपको बकाया (Arrearage) प्रबंधन कार्यक्रम भी प्रदान करती हैं जिसके द्वारा यदि आप समय से बजट भुगतान करें तो पिछली देय राशियों को माफ किया जा सकता है। इनरोल होने के लिए कृपया अपनी यूटीलिटी से सीधे संपर्क करें।

ऊर्जा एफिशिएंसी और वेदराइजेशन सहायता कार्यक्रम
आपके ऊर्जा के बिलों को कम करने में सहायता के लिए मेसाचुएट्स प्राकृतिक गैस और विद्त यूटीलिटीज तथा केप लाइट कॉम्पैक्ट एक शून्य-लागत कार्यक्रम पेश करते हैं। यह सब कुछ आपके घर पर संभावित ऊर्जा बचतों को निर्धारित करने के मुफ्त ऊर्जा कार्यक्रम से शुरु होता है। यदि आपके मौजूदा उपकरण अकुशल पाए जाएं तो आपको ऊर्जा कार्यकुशल लाइट बल्ब, पानी संरक्षण सामग्री और संभवतः नया रेफ्रीजरेटर, फ्रीज़र, हीटिंग सिस्टम (या सिस्टम रिपेयर या ट्यून अप), डीह्मिडिफायर और/या विंडो एसी दिए जा सकते हैं। मुफ्त सर्विस में ऐटिक तथा दीवारों का इंसुलेशन, वेदर-स्ट्रिपिंग तथा आपके पूरे घर में हवा की लीकेज की सीलिंग किया जाना भी शामिल हो सकता है। चाहे आपका घर तेल, प्राकृतिक, बिजली, लकड़ी, कोयला या प्रोपेन से हीट होता हो, आपको ये सेवाएं उपलब्ध होती हैं। आप घर के मालिक, किराएदार या किसी ऐसी इमारत के मालिक हो सकते हैं जिसमें योग्य-आय वाली कम से कम आधी इकाइयां हों। इन सेवाओं के बारे में जानने या आवेदन करने के लिए, अपनी लोकल समुदाय एजेंसी से संपर्क करें। 5 या अधिक इकाइयों वाली इमारतों के मालिकों को 617-348-6425 पर कॉल करना चाहिए या leanmultifamily.org पर आवेदन करना चाहिए।

अपनी लोकल समुदाय एजेंसी का पता करने के लिए कृपया 866-537-7267 पर कॉल करें या निम्न पते पर जाएं https://hedfuel.azurewebsites.net

अन्य संरक्षण

यूटीलिटी शट-ऑफ से संरक्षण

1. यदि 15 नवंबर से पहले किसी भुगतान न करने की स्थिति में पहले से ये सुविधा बंद न हों तो प्राकृतिक गैस व विद्त यूटीलिटीज 15 नवंबर से लेकर 15 मार्च तक हीट-संबंधित सेवा को बंद नहीं करेंगी।

2. गंभीर बीमारी – यदि परिवार में कोई (वयस्क या बच्चा) गंभीर रूप से बीमार हो तो प्राकृतिक गैस व विद्त यूटीलिटीज सेवाओं को तब बंद नहीं करेगी। दस्तावेज़ीकरण के लिए मेडिकल सर्टीफिकेशन और फाइनांशियल हार्डशिप फार्म को यूटीलिटी के पास प्रस्तुत किया जाना चाहिए।

3. 12 माह से कम उम्र के बच्चे – यदि परिवार में कोई 12 माह से कम उम्र का बच्चा हो तो प्राकृतिक गैस व विद्त यूटीलिटीज सेवा बंद नहीं करेगी। दस्तावेज़ीकरण के लिए जन्म सर्टीफिकेट और फाइनांशियल हार्डशिप फार्म को यूटीलिटी के पास प्रस्तुत किया जाना चाहिए।

4. बुजुर्ग – यदि परिवार के सभी बुजुर्ग 65 से अधिक की उम्र के हैं तो प्राकृतिक गैस व विद्त यूटीलिटीज, पब्लिक यूटीलिटीज विभाग से अनुमति लिए बिना सेवाओं को बंद नहीं करेगी।

अधिक जानकारी के लिए कृपया अपने लोकल प्राकृतिक गैस और/या बिजली सेवा देने वाले या लोकल समुदाय एजेंसी से संपर्क करें।

हीटिंग सहायता के अन्य स्रोत

- इमरजेंसी फूड व शेल्टर प्रोग्राम (EFSP), जिसे अक्सर आपकी लोकल ईंधन सहायता एजेंसी द्वारा चलाया जाता है और जिसके माध्यम से आप अपने यूटीलिटी बिल के संबंध में एक बार सहायता ले सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए कृपया देखें efsp.unitedway.org/efsp/website/index.cfm.
- गुड नेबर एनर्जी फंड, ईंधन सहायता के लिए आय-योग्य न होने वाले लेकिन अस्थायी फाइनेंशियल संकट का सामना कर रहे लोगों को एक बार का अनुदान देता है। इस बारे में या किसी अन्य सहायता के लिए लोकल साल्वेशन आर्मी से संपर्क करें या 1-800-334-3047 (या 413 एरिया कोड में 1-800-262-1320) पर कॉल करें।
- सिटिज़न एनर्जी कारपोरेशन (citizensenergy.com), तेल की एक बार की डिलेवरी या प्रति हीटिंग सेशन घरेलू प्राकृतिक गैस अकाउंट के लिए एक-बार का भुगतान कर सकती है। तेल संबंधी पूछताछ के लिए 1-877-563-4645 पर और गैस संबंधी पूछताछ के लिए 1-866-427-9918 पर कॉल करके अधिक जानकारी हासिल करें।
- कैथोलिक चैरिटीज़, दी यूनाइटेड वे, आपके शहर या कस्बे या अन्य लोकल संगठन भी आपकी सहायता कर सकते हैं।
- अन्य मेसाचुएट्स सोशल सेवाओं पर अधिक जानकारी के लिए 211 पर डायल करें।

अपनी लोकल समुदाय एजेंसी का पता करने के लिए कृपया 866-537-7267 पर कॉल करें या निम्न पते पर जाएं https://hedfuel.azurewebsites.net

mass save
Savings through energy efficiency

प्रायोजक:

Berkshire Gas · Blackstone Gas Company · Cape Light Compact · Columbia Gas of Massachusetts (A NiSource Company) · Eversource · Liberty Utilities · National Grid (Here with you. Here for you.) · Unitil (energy for life)